दिन– गुरुवार                                                                 दिनांक– 09/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                              अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर इकतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी को मंजूरी दी।

02. केन्द्र सरकार ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए राहत उपायों की घोषणा की। हवाई अड्डों पर शुल्क में पच्चीस प्रतिशत तक की कटौती तत्काल प्रभाव से लागू।

03. राज्य सरकार शादी समारोहों के लिए संबंधित परिवारों को कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करायेगी।

04. और, प्रदेश के मत्स्य पालकों और उद्यमियों की सुविधा के लिए पटना में खुलेगा मत्स्य विकास बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय।

———————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ मौसम दो हजार छब्बीस के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर इकतालीस हजार पांच सौ चौंतीस करोड़ रुपये की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस फैसले से किसानों को रियायती, किफायती और उचित कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सब्सिडी पिछले खरीफ मौसम में दी गई सब्सिडी से चार हजार तीन सौ सत्रह करोड़ रुपये अधिक है।

———साउंड बाईट———

खरीफ सीजन के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी स्कीम में 41534 करोड़ रूपीज का सब्सिडी का पैकेज माननीय प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी जी ने कोविड हो चाहे वेस्ट एशिया में कनफ्लिक्ट हो, किसान भाइयों के लिए हमेशा एक तरीके से सेफ्टी शील्ड बनके खड़े हुए हैं और किसी भी तरह के फर्टिलाइजर में ऑप्स एंड डाउन्स जो भी आए कभी उसका प्रभाव हमारे किसानों पर पडने नहीं दिया है।

———————————————————

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए राहत उपायों की घोषणा की है। इसके तहत लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में पच्चीस प्रतिशत की कटौती की गई है। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और तीन महीने तक प्रभावी रहेगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। श्री कुमार शपथ ग्रहण के लिए आज दिल्ली रवाना होंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देंगे। श्री चौधरी ने कहा कि इसके बाद नये सरकार के गठन और मुख्यमंत्री के चयन को लेकर एनडीए के घटक दलों की बैठक होगी।

---

प्रदेश भाजपा नेताओं की कल नई दिल्ली में बैठक होगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में बिहार के राजनीतिक माहौल और नई सरकार के गठन को लेकर मंथन होगा। इस बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी शामिल होने की सम्भावना है।

---

केन्द्रीय मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद का क्षेत्रीय कार्यालय पटना में खुलेगा। उन्होंने नई दिल्ली में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि जब तक बोर्ड का भवन नहीं बन जाता है, जब तक पटना के मीठापुर स्थित मत्स्य भवन में कार्यालय संचालित होगा। श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय खुलने से बिहार के मत्स्य पालकों और उद्यमियों को तकनीकी सहायता देने और योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता होगी। इस बैठक में बिहार के डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक भी शामिल हुये।

---

उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास और आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि पार्किंग और होर्डिंग प्रबंधन को व्यवस्थित कर नगर निकायों की आय बढ़ायी जायेगी। उन्होंने पटना में कहा कि सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और आधुनिक शहरी प्रशासन के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्री सिन्हा ने कहा कि उन्नीस नगर निगम, नवासी नगर परिषद और एक सौ छप्पन नगर पंचायतों में पार्किंग प्रबंघंन को व्यवस्थित कर सत्तासी करोड़ रूपये से अधिक की राजस्व वसूल की गयी है।

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि दो हजार उन्नीस से पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिट्रेशन प्लेट, एचएसआरपी लगाना अनिवार्य है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वाहन मालिक एक महीने के अन्दर

अधिकृत एजेंसी या डीलर से हाई सिक्यूरिटी प्लेट लगवा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि इससे वाहनों की चोरी और नम्बर प्लेट में छेड़छाड़ को रोकने में मदद मिलेगी।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुंगेर जिले के असरगंज स्थित ढ़ोल पहाड़ी को ईको–टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने पटना में कहा कि इसके लिए बारह करोड़ उनचास लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। श्री चौधरी ने कहा कि ढ़ोल पहाड़ी को समग्र पर्यटन, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

———————————————————————

ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कें, निर्माणाधीन सड़कें और पुलों की गुणवत्ता की जांच के लिए आज से ग्यारह अप्रैल तक प्रदेशभर में अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए बेरासी अधिकारियों की टीम गठित की गयी है जो स्थल निरीक्षण और भौतिक सत्यापन कर कार्यों की जांच करेगी। इसके बाद जांच रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपी जायेगी।

———————————————————————

असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। असम की सभी एक सौ छब्बीस सीटों, केरल की एक सौ चालीस सीटों और पुद्दुचेरी की तीस सीटों पर एक ही चरण में मतदान हो रहा है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर की खदानों और बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार है। मीडिया को संबोधित करते हुए कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर कोयले की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है और कोयले का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

———साउंड बाईट———

घरेलू एलपीजी की सप्लाई नॉर्मल है। सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक अवेलेबल है, कहीं कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है। लगभग 95 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और लगभग 91 प्रतिशत रिफिल की डिलीवरी डीएससी कोड के साथ हो रही है। और यह 91 परसेंट जो फिगर है वो ये इंश्योर करता है कि डायवर्सन ना हो।

———————————————————————

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग प्रदेश में होने वाले शादी समारोहों के लिए संबंधित परिवारों को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करायेगा। पटना में विभागीय मंत्री लेशी सिंह की उपस्थिति में एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गयी। विभागीय सचिव अभय सिंह ने बताया कि उपलब्धता के आधार पर सिलेंडर दिये जायेंगे।

———साउंड बाईट———

वहीं, राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर पांच किलो का सिलेंडर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए कनेक्शन की जरूरत नहीं होगी। यह सुविधा प्रवासी श्रमिकों को भी दी जायेगी।

——————————————————————

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पश्चिम एशिया क्षेत्र में कई सप्ताह के संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के साथ प्रत्यक्ष वार्ता करने के लिए उपराष्ट्रपति जे.डी.वेन्स के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को इस्लामाबाद भेज रहे हैं। पहले दौर की वार्ता शनिवार की सुबह होगी। इस बीच, इस क्षेत्र में विशेषकर लेबनान में छिटपुट संघर्ष जारी है, जहां इस्राएल हिज़्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले कर रहा है।

——————————————————————

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में क्रॉसवर्ड आधारित शिक्षण शुरू किया जाएगा। इसके लिये शिक्षा विभाग और एक्स्ट्रा–सी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि इससे छात्रों की शब्द–शक्ति, विश्लेषण क्षमता और समस्या–समाधान कौशल मजबूत होंगे।

——————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान है।

———साउंड बाइट———

——————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाएन्ट्स से होगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। वहीं, कल दिल्ली में खेले गये एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने

डेल्ही कैपिटल्स को एक रन से हरा दिया। दो सौ दस रन के लक्ष्य के जवाब में डेल्ही कैपिटल्स ने निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर दो सौ नौ रन बनाए।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिगंज अंचल अन्तर्गत अम्हारा गांव में परमान नदी के किनारे अवैध खनन कार्य में लगे दो जेसीबी और एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी के निर्देश पर की गई है।

———————————————————————

सुपौल के बीरपुर में एसएसबी क्षेत्रिय मुख्यालय पूर्णिया के उप महानिरीक्षक मधुकर अमिताभ ने पैंतालीसवीं वाहिनी के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक में भाग लिया।

———————————————————————

मुंगेर की एक स्थानीय अदालत ने हथियार तस्करी मामले में दो लोगों को आर्म्स एक्ट की अलग–अलग धाराओ के तहत तीन वर्ष और पांच वर्ष की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ–साथ चलेंगी। अदालत ने पन्द्रह–पन्द्रह हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————

बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र में सरबा गांव और पंजवारा थाना क्षेत्र के रामकोल गांव में पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी कर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। इस मामले में एक अपऱाधी के गिरफ्तार किया गया। मौके से अर्ध निर्मित हथियार, भारी मात्रा में हथियार निर्माण से जुड़े उपकरण और सामग्री बरामद की गयी है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– सीजफायर पर छाया संकट, लेबनान पर इस्रायली हमले में दो सौ चौवन मरे, ईरान में फिर बंद किया होर्मुज।

हिन्दुस्तान लिखता है– भारत–नेपाल सीमा पर बैंकों में नकली नोट पहचानने वाली मशीन लगेगी।

दैनिक जागरण ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के हवाले से लिखा है–कोर्ट तय कर सकता है कि किसी धर्म में क्या है अंधविश्वास।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– महिला आरक्षण संशोधन ड्राफ्ट को केन्द्रीय कैबिनेट की मंजूरी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर इकतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी को मंजूरी दी।

02. केन्द्र सरकार ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए राहत उपायों की घोषणा की। हवाई अड्डों पर शुल्क में पच्चीस प्रतिशत तक की कटौती तत्काल प्रभाव से लागू।

03. राज्य सरकार शादी समारोहों के लिए संबंधित परिवारों को कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करायेगी।

04. और, प्रदेश के मत्स्य पालकों और उद्यमियों की सुविधा के लिए पटना में खुलेगा मत्स्य विकास बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।